रेल भर्ती बोर्ड, इलाहाबाद

सूबेदारगंज, इलाहाबाद - 211011

लिखित परीक्षा की सूचना (प्रारम्भिक)

के0नि0सू0 - 04/2010 की कोटि सं.-1 से 5 पद नाम एन0टी0पी0सी0 (स्नातक से कम) की प्रारम्भिक लिखित परीक्षा निम्नलिखित सारणी के अनुसार इलाहाबाद में आयोजित की जायेगी।

कोटि	पद	परीक्षा की तिथि	द्वितीय बुलावा पत्र के लिए तिथि	समय एवं पाली
1	वाणिज्यिक लिपिक	06/अक्टूबर/2013 (केवल प्रातःकालीन पाली)	04/10/2013	प्रातःकालीन पाली 11:30 से 12:30 तक
2	टिकट परीक्षक			
3	लेखा लिपिक			
4	कनिष्ठ लिपिक कम टाईपिस्ट			
5	ट्रेन लिपिक			

के0नि0सू0-04/2010 के अन्तर्गत केवल वाणिज्यिक लिपिक एवं टिकट परीक्षक के लिये अभ्यर्थी ऑनलाइन बुलावा पत्र हेतु वेबसाइट **www.rrbald.nic.in** एवं **www.rrbald.gov.in** में दिये गये लिंक से प्रिन्ट प्राप्त कर सकते हैं।

नोट : इन्टरनेट बुलावा पत्र/छायाप्रति के0नि0सू0-04/2010 पदनाम लेखा लिपिक, कनिष्ठ लिपिक कम टाइपिस्ट व ट्रेन लिपिक हेतु मान्य नहीं है।

उपर्युक्त परीक्षा हेतु अनन्तिम रूप से पात्र पाये गए अभ्यर्थियों को डाक द्वारा बुलावा पत्र जारी कर दिये गये हैं। यदि कोई पात्र अभ्यर्थी समय पर अपना बुलावा पत्र नहीं प्राप्त करता है अथवा बुलावा पत्र में नाम, कोटि संख्या, पद नाम, समय, समुदाय, आदि के सम्बन्ध में कोई त्रुटि हो तो अभ्यर्थी को रेल भर्ती बोर्ड/इलाहाबाद से सम्पर्क करना चाहिए। द्वितीय/संशोधित बुलावा पत्र अभ्यर्थियों द्वारा व्यक्तिगत रूप से पासपोर्ट साइज की दो स्पष्ट फोटोग्राफ देकर **दिनांक 04-10-2013 (शुक्रवार) को 10:00 बजे से 17:00 बजे** के मध्य उपर्युक्त पद हेतु रेल भर्ती बोर्ड, इलाहाबाद के उपरोक्त पते से प्राप्त किये जा सकते है। अभ्यर्थियों को अपनी पहचान के प्रमाण का मूल दस्तावेज लाना चाहिए।

लिखित परीक्षा के दिन कोई द्वितीय/संशोधित बुलावा पत्र जारी नहीं किया जायेगा और किसी भी अभ्यर्थी को द्वितीय बुलावा पत्र प्राप्त करने हेतु द्वितीय श्रेणी का मुफ्त रेलवे पास नहीं दिया जायेगा। न ही द्वितीय बुलावा पत्रों पर मुफ्त यात्रा की सुविधा प्रदान की जायेगी।

महत्वपूर्ण सूचना : ऐसे संदिग्ध व्यक्तियों से सावधान रहें जो कि अभ्यर्थियों को अवैध तरीके से नौकरी दिलाने का झूठा आश्वासन देकर गुमराह करते हैं। रेल भर्ती बोर्ड परीक्षा में भर्ती प्रक्रिया पूर्णत्या कम्प्यूटरीकृत है तथा अभ्यर्थी का चयन मेरिट के आधार पर होता है।

परिणाम रेल भर्ती बोर्ड, इलाहाबाद की वेबसाइट **www.rrbald.nic.in** एवं **www.rrbald.gov.in** पर भी उपलब्ध है।

सहायतार्थ दूरभाष : 0532-2222585

अध्यक्ष

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ